हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 2 मई 2024

04 अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर नगर में हुए अनेक...

08 सत्ती में 2 साल बाद भी नल जल योजना के पानी के ...







## खबर संक्षेप

### 7 मई तक चलेगा चलें बूथ की ओर अभियान

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि मई माह की 1 से 7 तारीख तक से जिले के सभी 1341 मतदान केन्द्रों पर चलें बूथ की ओर अभियान चलाया जाएगा। इस कार्य की अपर मुख्य निर्वाचन राजेश कौल मानटरिंग करेंगे। वह आकस्मिक भ्रमण कर जायजा लेंगे। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों, कैम्पस एम्बेसडर, तथा रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएट एवं ईएलसीएस एनजीओ चुनाव पाठशाला तथा स्थानीय लोगों के माध्यम से स्वीप गतिविधियां आयोजित कर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने जागरूक किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ क्रॉस मॉनिटरिंग करेंगे।

### मतदान के लिए पीले चावल देकर आमंत्रण

**विदिशा।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल ग्राम मानौरा में चलें बूथ की ओर अभियान में शामिल हुए। कौल ने वयोवृद्ध महिला मतदाताओं का फूलमाला प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मतदान करने का आव्हान किया। इसके बाद शपथ का वाचन किया जिसे अन्य सभी ने दोहराया। मतदाता जागरूकता रैली में शामिल होकर डोर टू डोर संपर्क करते हुए मतदाताओं को आमंत्रित पत्रिका व पीले चावल देकर मतदान करने का न्यौता भी दिया है। चलें बूथ की और अभियान अंतर्गत अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कौल जनपद पंचायत ग्यारसपुर में भी मतदाता जागरूकता रैली में शामिल हुए। उन्होंने ग्राम पंचायत कार्यालय ग्यारसपुर पहुंचकर कार्यक्रम को संबोधित किया।

### छुरा रखकर रात में घूम रहा था, पुलिस ने दबोचा

**विदिशा।** नटेरन पुलिस ने गस्त के दौरान हथियार रखकर घूम रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। नटेरन पुलिस द्वारा रात में घूमने वाले संदेहियों की तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें ग्राम मियांखेड़ी चौराहे के पास एक व्यक्ति संदेही नजर आने पर तलाशी ली गई तो उसके पास से छुरा मिला। जिसे जब्त कर लिया गया। कार्रवाई में थाना नटेरन प्रभारी आशुतोष सिंह, प्रधान आरक्षक अनिल यादव, आरक्षक धर्मेन्द्र सिंह, दिलीप शर्मा, नवदीप शर्मा, दीपक पाल की भूमिका रही। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस रात में भी सक्रिय दिखाई दे रही है।

### चींटी और मक्खी को भगाने वाली दवा के असर से युवक भर्ती

**विदिशा।** अस्पताल के बाहर गन्ने की दुकान पर चींटी और मक्खियों को भगाने वाली कीटनाशक का छिड़काव करने के दौरान दुकान संचालक लगाने धर्मेंद्र मीणा की स्वांस में दवा चली गई। जिससे उनकी तबियत बिगड़ गई। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घरों में भी ठंडक के कारण चीटिंया निकली रही हैं। दवा के छिड़काव के दौरान सावधानी रखना जरुरी है।

# चुनाव के लिए पुलिस मुस्तैद, शांति व्यवस्था भंग करने पर सख्त कार्रवाई होगी



विदिशा। पैरवारा, खेरुआहाट, लश्करपुर, खामखेड़ा, जीवाजीपुर, सोराई में फ्लैग मार्च निकाला गया।

### एरिया डोमिनेशन और फ्लैग मार्च निकाला, अपराधियों को चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लोकसभा चुनाव को लेकर एरिया डोमिनेशन के तहत पुलिस प्रशासन ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में ताकत का एहसास कराया।

चुनाव के दौरान अशांति फैलाने वालों को चेतावनी दी कि अगर चुनाव में किसी ने व्यवधान पहुंचाने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं। वहीं लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। विदिशा में एसपी दीपक शुक्ला के निर्देशन में पश्चिम बंगाल की डब्ल्यूबीएपी व एसआईआरबी कंपनी एवं थाना कोतवाली पुलिस बल ने लोकसभा चुनाव को लेकर थाना कोतवाली क्षेत्र के पैरवारा, खेरुआहाट, लश्करपुर, खामखेड़ा, जीवाजीपुर, सोराई सहित अन्य ग्रामीण व शहरी इलाकों में एरिया डोमिनेशन किया गया। इसके साथ ही शहरी व ग्रामीण के क्षेत्रों के संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण इलाकों में शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस और पश्चिम बंगाल की डब्ल्यूबीएपी व एसआईआरबी कंपनी के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। चुनाव कराने आए विशेष सुरक्षा दस्ते एवं स्थानीय पुलिस बल ने फ्लैग मार्च निकालकर चुनाव के दौरान माहौल खराब करने की फिराक में जुटे असामाजिक तत्वों को खुली चेतावनी दे दी है। यदि किसी तरह से स्थिति खराब करने की कोशिश की गई। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए सुरक्षा के तमाम कदम उठाए जा रहे हैं। अपराधियों में खौफ पैदा करने और लोगों में सुरक्षा का एहसास कराने के लिए यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया।

### लटेरी के लोधाखेड़ी गांव के ग्रामीणों ने रैली निकालकर मतदान का बहिष्कार किया

# लोधाखेड़ी से ग्राम पंचायत सुनखेर के करीलपुर के पास तक सड़क नहीं जोड़ी, क्यों करें मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

लटेरी के ग्राम पंचायत बामनखेड़ी के ग्राम लोधाखेड़ी के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार कर दिया।

लोधाखेड़ी से ग्राम पंचायत सुनखेर के ग्राम करीलपुर के पास सड़क का कुछ हिस्सा शेष है। जिसे जोड़ने की मांग लंबे समय से ग्रामीण करते आ रहे हैं, लेकिन आज तक सड़क को नहीं जोड़ा गया। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी मतदान के बहिष्कार करने का निर्णय हुआ था, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण मतदान करने राजी हो गए थे। मतदान के बाद अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांग को फिर नजरअंदाज कर दिया। काछीखेड़ा से मदनखेड़ी के बीच एक सड़क है जो इस पर तीन पंचायत के लोगों को सुनखेर या आनंदपुर जाना होता है तो 10 किमी का चक्कर काटकर जाना होता है। जबकि लोधाखेड़ी से सुनखेर की दूरी मात्र 3 किलोमीटर है। इस सड़क को जोड़ने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने दो किमी की सड़क मंजूर भी की है। जिसका निर्माण चल रहा है, लेकिन 400 मीटर की जमीन वन विभाग और राजस्व की जमीन है। आजतक इस जमीन का सीमांकन नहीं किया गया। जमीन पर कुछ लोगों का अवैध रूप से कब्जा है। जो अपना कब्जा छोड़ने के लिए तैयार नहीं है और विभाग द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस कारण तीन पंचायतों के लगभग पांच हजार से अधिक लोग प्रभावित हो रहे हैं। अब देखना है प्रशासन कब तक इस सड़क का निर्माण कराता है।




लटेरी। लोकसभा चुनाव के मतदान का बहिष्कार कर नारेबाजी करते ग्रामीण।

### वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने प्रशासन लगा रहा एढ़ी -चोटी का जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

*लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन एढ़ी चोटी तक का जोर लगा रहा है। विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है तो वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी सड़कों पर घूमते नजर आ रहे हैं। चुनाव में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर तैयार किया जा रहा है। द्वितीय चरण का प्रशिक्षण बुधवार को ऑडिटोरिय में हुआ।*

*मास्टर ट्रेनर्स ने माइक्रोआब्जर्वरों को आयोग के नियमों व निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हरेक केन्द्र पर नियुक्त माइक्रोआब्जर्वर सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रखेंगे। प्रशिक्षणार्थियों से कहा गया कि निर्वाचन कार्य खासकर मतदान केन्द्रों पर टीमवर्क की भावना से काम करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से भयभीत न हों। निर्वाचन से संबंधित जो भी जानकारियां दी जा रही हैं उन्हे आत्मसात करें। निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार से शंका हो तो समाधान अवश्य रूप से प्राप्त करें। पूछने में किसी भी प्रकार से संकोच न करें। प्रशिक्षण में संकोच करने से निर्वाचन, मतदान के दौरान अनेक प्रकार की दुविधाएं हो सकती है। प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने भी संबोधित किया।*

## ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने आए 979 लोगों ने मतदान करने शपथ ली, शपथ पत्र भी भरवाए

### परिवहन कार्यालय द्वारा यात्री बसों में मतदाता जागरूकता के बैनर पोस्टर लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आरटीओ कार्यालय में प्रतिदिन ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने आने वाले लोगों को मतदान करने प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही साथ उन्हें मतदान करने शपथ दिलाई जाकर उनसे शपथ पत्र भी भरवाए जा रहे हैं। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि मार्च माह की 22 तारीख से अब तक कार्यालय में आए 979 नागरिकों को मतदान करने जागरूक किया गया। उनसे आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के संबंध में शपथ पत्र प्राप्त किए गए। उन्होंने बताया कि यह अभियान मतदान दिवस तक जारी रहेगा। लोकसभा निर्वाचन, 2024 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला परिवहन अधिकारी द्वारा यात्री बसों में मतदाता जागरूकता संबंधी पोस्टर, बैनर भी लगवाए जा रहे हैं।

### दबिश देकर 3 लाख की शराब पकड़ी

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए कलेक्टर ने अवैध शराब की धरपकड़ करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश के बाद दल गठित किए कार्रवाई की जा रही है। सहायक आबकारी अधिकारी मुकेश मौर्य को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जो सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई कर रहे हैं। मौर्य ने बताया कि आबकारी एवं पुलिस विभाग के संयुक्त समन्वयक से गंजबासौदा के जेल रोड सहित अन्य जगह दबिश देकर दो लाख 94 हजार की शराब व सामग्री जब्त की। अलग-अलग स्थानों से 2800 किलोग्राम महुआ लहान, 14 लीटर हाथ भट्टी जब्त की। वहीं तीन लावारिस प्रकरण भी बनाए गए हैं। रजनी कंजर पति विशाल के मकान से 56 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त कर आबकारी अधिनियमों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### रामलला के दर्शन के लिए पैदल अयोध्या रवाना

**शमशाबाद।** अयोध्या में रामलला के विराजमान होने को लेकर रामभक्तों में उत्साह का माहौल है। श्याम संकीर्तन परिवार के सदस्य दीपक विश्वकर्मा, प्रकाश साहू देश ,सहित क्षेत्र में सुख, समृद्धि व शांति के लिए कामना करने हाथ में राम ध्वज लेकर पैदल यात्रा अयोध्या धाम को रवाना हुए। दोनों रामभक्तों का जगह जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया। पैदल यात्री दीपक विश्वकर्मा, प्रकाश साहू ने बताया कि पांच सौ वर्षो वर्ष बाद सभी के आराध्य श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का सुअवसर आया हमारे जीवनकाल में आया इससे परम सौभाग्य और क्या होगा। हम अपने ईष्ट के विराजमान होने के पल की सुखद अनुभूति करने पैदल चलकर श्रीधाम अयोध्या पहुंच कर भगवान श्रीराम के दर्शन करेंगे। श्याम संकीर्तन परिवार के सदस्यों ने फूल मालाओं से स्वागत कर रवाना किया।



### युवक ने लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस

**विदिशा।** ग्रामीण इलाके में एक युवक ने फांसी लगा ली। युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हरूखेड़ी गांव में रहने वाले राजाराम अहिरवार(25) को जब ग्रामीणों ने फंदे पर लटका देखा तो ग्रामीण हैरान रह गए। राजाराम के फांसी लगाने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल भेजा। परिजन भी राजाराम के इस कदम से हैरान है कि आखिर क्या कारण थे जिसके चलते राजाराम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## रायसेन जिले से आ रही अवैध शराब, कार सहित एक आरोपी गिरफ्तार, 6 पेटी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

करारिया पुलिस ने अवैध शराब पर कार्रवाई की है। पुलिस ने जहां कार से अवैध शराब का परिवहन करते एक आरोपी को पकड़ा है। वहीं एक दुकान पर अवैध शराब बेचते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों ही आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में अवैध शराब को बरामद किया।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पीपलखेड़ा खुर्द से कोठीचार रोड की तरफ एक कार से अवैध रूप से अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। यह शराब रायसेन से लाई जा रही है। पुलिस ने सूचना को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी ने भागने की भी कोशिश की पुलिस ने उसे दबोच लिया। चालक ने अपना नाम रामप्रसाद राय बताया। पुलिस में जब कार की तलाशी ली तो कार से 6 पेटी और एक आधी पेटी अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने अब शराब और कार को जब्त कर लिया है वहीं आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। वहीं दूसरे मामले में दुलई गांव में मनीष लावरिया नाम के युवक को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। अवैध शराब की कीमत 29 हजार 250 रुपए बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।




### बेटे ने पिता को पीट पीटकर घायल किया

**विदिशा।** हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धामनोद में रहने वाले बुजुर्ग महेश के साथ उसके ही सगे बेटे सौरभ व सरवन और गोलू ने मारपीट कर घायल कर दिया। उसे गंभीर हालत में ग्यारसपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। महेश का कहना है की पुलिस द्वारा जो एफआईआर की गई वह संतुष्ट नहीं है। गंभीर हालत के चलते महेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मारपीट की घटना सोमवार मंगलवार की दरम्यानी रात की बताई जा रही है। वहीं महेश की बहन गायत्री ने बताया की महेश के बेटे सौरभ ने ही उसके पिता के साथ मारपीट की है। पीड़ित महेश का कहना है की पुलिस उसकी फरियाद नहीं सुन रही है।

## स्वीमिंग और हॉर्स राइडिंग सीखने का मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में 1 से 14 मई तक आयोजित समर कैंप का शुभारंभ आज हो चुका है।

कैंप का शुभारंभ स्कूल के प्रिंसिपल विनय अग्रवाल ने अपने भाषण से किया। जिसमें उन्होंने कहा कि बच्चों को किताबों और क्लास रूम के बाहर की दुनिया को एक्सप्लोर करवाना और बच्चे अपनी गर्मियों की छुट्टियों का इस्तमाल कुछ नया सीखने और अपने आप को बेहतर बनाने के लिए करें यह इस कैंप का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इस कैंप में छात्र कुछ ऐसा सीखेंगे जो भविष्य में उनके लिए मददगार साबित होगा। कैंप में बच्चे अपना मनपसंद गेम चुन सकते हैं जिसमें बास्केट बॉल, वालीबॉल, लॉन टेनिस, बेडमिंटन, फुटबॉल, खो -खो, कबड्डी, क्रिकेट, हैंडबॉल, हॉर्स राइडिंग और स्विमिंग भी होगी। इसके आलावा म्यूजिक, डांस और आर्ट एंड क्राफ्ट भी होगा। इस साल समर कैंप के प्रति लोगों का रुझान बहुत बड़ा है। इस बार बच्चों में हॉस्टल में रहने का अनुभव लेने का रुझान भी बड़ रहा है। शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस बार बच्चे स्विमिंग के बाद घुड़सवारी सीखने की सबसे ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।



**मेहनत की सराहना** मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए

# कांग्रेस व रोटरी क्लब ने मजदूर दिवस मनाया बांटी मिठाई, हेल्थ चेकअप शिविर में 80 ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मजदूर दिवस के मौके पर बुधवार शहर में मजदूरों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां कांग्रेसी नेता ने मजदूरों को मिठाई खिलाई तो वहीं रोटरी क्लब ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया और मजदूरों के स्वास्थ्य की जांच की।

बता दें कि मजदूरों के योगदान के सम्मान में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि देश के निर्माण में श्रमिकों के योगदान को याद करना है। इस दिन मजदूरों के काम की सराहना की जाती है।



विदिशा। मजदूरों के बीच मिष्ठान वितरित करते हुए ठा रणधीर सिंह दांगी।

- मजदूरों की निशुल्क शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई।

कांग्रेस नेता एवं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर ने रविशंकर शुक्ल तिराहे पर मजदूरों को मिठाई खिलाकर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि मजदूरों ने बड़े-बड़े कारखाने और मकान बनाए हैं। आज के दिन हम मजदूरों के श्रम और मेहनत को याद करके उनके सम्मान में मजदूर दिवस मना रहे हैं। मजदूर दिवस के मौके पर रोटरी क्लब द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मजदूरों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। मजदूरों की निशुल्क शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। इस मौके पर लगभग 80 से ज्यादा मजदूरों की जांच विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा की गई।

## खबर संक्षेप

### माही सेन का सुयश



**गंज बासौदा।** न्यू स्कॉलर्स पब्लिक हाई स्कूल की कक्षा नर्सरी की छात्रा माही पुत्री मुकेश सरिता सेन ने 89 प्रतिशत अंकों के साथ फर्स्ट डिवीजन से कक्षा उत्तीर्ण की। छात्रा की इस उपलब्धि पर परिवारजन, विद्यालय के प्राचार्य सहित स्टॉफ ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### आज निकलेगी दो पहिया वाहन रैली

**गंजबासौदा।** विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समर्थन में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा महिला मोर्चा की सदस्याओं और लाड़ली बहिनाओं के साथ गुरुवार को दो पहिया वाहन रैली निकाली जाएगी। वाहन रैली शाम 4 बजे स्टेशन क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी। इस वाहन रैली में शामिल महिला मोर्चा की सदस्याएं एवं लाड़ली बहिने ऑरेंज कलर की साड़ी पहने नजर आएंगी। वाहन रैली में शामिल समस्त महिलाओं की स्कूटी में पेट्रोल की व्यवस्था नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा करवाई जाएगी। नपा अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने अधिक से अधिक संख्या में महिला शक्ति से वाहन रैली में उपस्थित होने की अपील की है।

### संकल्प सभा आयोजित



**गंजबासौदा।** बुधवार को नगर के वार्ड नंबर 14 में लाड़ली बहना संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें लाड़ली बहनाओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, देवेन्द्र रघुवंशी, जीतेन्द्र मैना, सरिता जैन, मनोज यादव, दौलतराम खटीक सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## करोड़ों का टर्नओवर लेकिन नहीं है पार्किंग की व्यवस्था ...



**गंजबासौदा।** नगर में दर्जन भर से अधिक बैंक संचालित हैं जिनका करोड़ों रुपए का टर्न ओवर होने के बावजूद भी उपभोक्ताओं के लिए कोई सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रहीं हैं। न तो उपभोक्ताओं को बैठने की उचित व्यवस्था है और न ही वाहन पार्किंग की व्यवस्था, जिससे मुख्य सड़कों पर दर्जनों की संख्या में दो पहिया वाहन खड़े रहते हैं जिनसे यातायात बाधित होती और जाम की स्थिति निर्मित होती है।

## रिक्शा, हाथठेला चालकों व मंडी मजदूरों को किया सम्मानित

# अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर नगर में हुए अनेक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर नगर में अनेक कार्यक्रम हुए। जिसमें मजदूरों को सम्मानित किया गया। कृषि उपज मंडी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मजदूरों के सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद मंडी कर्मचारियों ने मंचासीन अतिथियों एवं हम्माल, मजदूरों और तुलावटों का स्वागत फूल मालाओं से सम्मान किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, नरेन्द्र सिंह रघुवंशी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता, मण्डी व्यापारी, कृषि उपज मण्डी समिति अधिकारी, कर्मचारी, हम्माल तुलावट मजदूर मौजूद थे।

वहीं मध्य प्रदेश राज्य सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार विश्व श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बघरु बरेठ के शासकीय विद्यालय प्रांगण में ग्रामीणों के लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न संगठनों द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड रावेंद्र सोनी द्वारा अपने वक्तव्य में समानता का अधिकार, धर्म, जाति, जन्मस्थान





आदि के आधार पर विभेद का प्रतिषेध, पुरूषों और महिलाओं के मध्य समान कार्य के लिए समान वेतन का अधिकार, मानव तश्करी और बलपूर्वक श्रम करवाने पर प्रतिबंध, बालश्रम, बंधुआ मजदूरी, शिक्षा का अधिकार, चिकित्सा का अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, श्रमिक कार्ड योजना, मजदूर सुरक्षा योजना एवं शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। नालसा (गरीबी उन्मूलन योजना का प्रभावी कियान्वयन के विधिक सेवाऐं) योजना 2015 के अंतर्गत जरूरतमंद लाभार्थियों को गरीबी उन्मूलन योजनाओं के विषय में जागरूक करने एवं समाज के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग को दिए गए लाभ तक पहुंच सुनिश्चित करना एवं शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार सम्बन्धी जानकारियां प्रदान की गईं। वहीं आयोजन के दौरान लोकतंत्र के महापर्व में अपने मत की आहुति देने के लिए मतदाताओं को शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों में अधिवक्ता संजीव अरोरा, समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, देवेंद्र, हजारीलाल पाटस्कर , देवेंद्र कुशवाह, अंकित शर्मा, कैलाश साहू, सरपंच वेनीबाई, सचिव किशोर सिंह सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

वहीं अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सावित्री महिला मंडल द्वारा रिक्शा चालक एवं हाथ ठेला चालकों का सम्मान किया गया। जिसमें उनको भगवा गमछा धूप बचाने के लिए दिया गया एवं पानी की बोतल पानी पीने के लिए दी गई। इस दौरान रिक्शा चालकों की आंखों में आंसू आ गए। उनका कहना था कि आज तक इस तरह उनको सम्मान नहीं मिला है। सावत्री महिला मण्डल द्वारा विद्युत कार्यालय के पास रिक्शा चालकों



एवं विजय ट्रांसपोर्ट के पास हाथ ठेला चालकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंडल संरक्षक वंदना तिवारी, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, उपाध्यक्ष सोनाली शेवडे, कार्यालय मंत्री रश्मि देशपांडे, कोषाध्यक्ष हेमा राय, आशा दीक्षित, अर्चना मिश्रा, सुषमा शर्मा, राधा दांगी, उपासना सोनी सहित बड़ी संख्या में हाथ ठेला चालक रिक्शा चालक एवं मातृशक्ति प्रमुख रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में सावत्री महिला मण्डल की सदस्याओं द्वारा उपस्थित सभी हाथ ठेला चालक एवं रिक्शा चालकों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। उधर इस दिन अन्य संस्थाओं एवं संगठनों ने भी मजदूरों का सम्मान किया।

## कांबिंग गश्त में 75 वारंट तामील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में रात्रि 12 से 5 बजे तक पुलिस अनुभाग गंज बासौदा के सभी पांच थाना क्षेत्रों शहर बासौदा, देहात बासौदा, नटेरन, हैदरगढ एवं त्यौंदा के थाना प्रभारियों ने अपने अपने थाने के अधिकतम बल के साथ कांबिंग गश्त कराई। गश्त के दौरान 28 स्थाई वारंट, 53 गिरफ्तारी वारंट तामील कराये गये। इसी दौरान 12 जिला बदर बदमाशों, 34 निगरानीशुदा बदमाशों तथा 35 सूचीबद्ध गुण्डों के निवास स्थान पर पुलिस बल ने बदमाशों को चेक कर उनकी चेकिंग की। इसी दौरान अंबानगर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते पाये गए तीन आरोपीगण के विरुद्ध जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई। जबकी 4 व्यक्तियों को अवैध रूप से शराब संग्रह कर बेचने के उद्देश्य से ले जाते पकड़कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। आगामी लोकसभा चुनाव के मतदान दिवस के 7 दिन पूर्व की गई पुलिस कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में भय व्याप्त है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी संजीव चौकसे, हरिकिशन लोहिया, आशुतोष सिंह, नरेंद्र सिंह एवं एमएल भाटी और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त जानकारी एसडीओपी मनोज मिश्रा द्वारा दी गई। वहीं त्योंदा थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गिरफ्तारी वारंटी भूपेन्द्र अहिरवार निवासी खामखेडा, दुर्गसिंह लोधी निवासी अमारी, रामबल पारदी, भगवानसिंह पारदी निवासीगण खामखेडा, तोरन सिंह अहिरवार निवासी कुचौली पठार, रानू कुर्मी निवासी लगधा, सोमत अहिरवार निवासी अनवई तथा स्थाई वारंटी संतोष प्रजापति निवासी इमलिया, दीवान मैना निवासी मौरोदा को गिरफ्तार कर वारंटों की तामीली कर वारंटियों को न्यायालय प्रस्तुत करने में सफलता प्राप्त की। उक्त कार्रवाई में रामबाबू साहू, जेपी मालवीय, रामस्वरूप सोनी,रघुपति यादव,उदय जकाते,ब्रजेश, सत्येंद्र,सुभाष,रविन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## देहात थाना पुलिस ने अवैध रूप से सट्टा खिलाते आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में देहात थाना पुलिस द्वारा अवैध रुप से सट्टा खिलाते आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी देहात हरिकिशन लोहिया को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध रुप से सट्टा खिला रहा है। जिसे फोर्स की मदद से पकड़ा तथा नाम, पता पूछने पर अपना नाम बृजेश कुमार साहू उम्र 52 साल निवासी वार्ड नंबर 4 का होना बताया। जिसके कब्जे से दो सट्टा अंक पर्ची एक लीड पैन नगदी 1050 रुपये जब्त की गई। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 4 क ध्रुतक्रीड़ा एक्ट का पाया जाने से आरोपी के



विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया, सुनीता अरकरे, अजय गर्ग, सचिन, रामनिवास, अमन की अहम भूमिका रही।

## उप मुख्यमंत्री की सभा को लेकर बैठक आयोजित



**गंजबासौदा।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा के आगमन को लेकर बुधवार को भाजपा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सतेन्द्र भूषण सिंह पूर्व प्रदेश कार्यालय मंत्री भाजपा, दिलीप सिंह शेखावत पूर्व विधायक उज्जैन नागदा, मनोज कटारे सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता यशवंत दुबे ने दी। यहां उल्लेखनीय है कि 2 मई को उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का नगर में आगमन हो रहा है। देवडा नगर के वार्ड नंबर दस में मनोज अहिरवार के निवास पर एवं लाल पठार पर अलग-अलग आयोजनों में सम्मिलित होने के पश्चात मानोरा मेला ग्राउण्ड में पूर्वान्ह 11 बजे एक विशाल सभा को सम्बोधित करेंगे।

## मार्शल आर्ट्स अकेडमी के छात्रों ने स्टेट कराटे चैंपियनशिप में जीते गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल

**गंजबासौदा।** भोपाल में आयोजित शिगो शोवा काई स्टेट कराटे चैंपियनशिप में नगर की द फाइटिंग ऑफ़ मार्शल आर्ट्स अकेडमी की पूरवा चौरसिया ने कुमिते में गोल्ड और काता में ब्रॉन्ज़ मैडल जीते। अकेडमी कोच कृष्णा गोपाल जोगी ने बताया की भोपाल में आयोजित चैंपियनशिप में बालक वर्ग में हर्ष सेन ने कुमिते और काता में ब्रॉन्ज़ मैडल जीता सुमित सैनी ने कुमिते और काता में ब्रॉन्ज़ मैडल जीता और मास्टर आरव राय ने कुमिते में ब्रॉन्ज़ मैडल जीता। वहीं बालिका वर्ग में सुहानी सैनी ने काता और कुमेते में ब्रॉन्ज़ मैडल जीता, सिद्धि शर्मा ने काता और कुमेते में ब्रॉन्ज़ मैडल जीता, यह मैडल कराटे की कुमिते और काता में प्राप्त हुए जिन खिलाडियों को मैडल मिले है। वह अब 28 से 29 मई में नेशनल चैंपियनशिप में महाराष्ट्र (खंडाला) जाएंगे और मध्यप्रदेश टीम व जिला विदिशा और गंज बासौदा का नाम रोशन करेंगे। अकेडमी कोच कृष्णा गोपाल जोगी और सहायक कोच प्रतीक्षा शर्मा ने इस टूनामेंट में रेफरी और कोच की भूमिका निभाई खिलाड़ियों की इस जीत में मध्य-प्रदेश के कराते जनरल सेक्रेटरी क्योशी अमिताभ श्रीवास्तव, ब्लैक बेल्ट 7 डेन की मुख्य भूमिका रही।



### शासकीय शिक्षक संगठन के आह्वान पर हुआ आयोजन

## नगर में शिक्षकों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय शिक्षक संगठन के आह्वान पर बुधवार को जनपद पंचायत में बड़ी संख्या में उपस्थित शिक्षक कर्मचारियों ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागृत करने और शत प्रतिशत मतदान करने प्रेरित करने हेतु मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की। अधिक से अधिक लोग अपने मत का प्रयोग करे इस आशय के स्लोगन अपने हाथो में लेकर रेली के रूप में सभी जनपद पंचायत प्रांगण से जय स्तंभ चौराहे की ओर निकले। सभी मतदान जागरूकता संबंधी नारो से लोगो को प्रेरित करने के साथ आम जन से 7 मई को निश्चित रूप से मतदान करने का आग्रह भी कर रहे थे।

इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भगवान सिंह राजपूत भी अपने कर्मचारियों के साथ पूरे समय रैली के साथ रहे राजपूत ने मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह किया। रैली के संयोजक और शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि जागरूक मतदाता ही देश का भविष्य निर्माता होता है। हम अपने मत का सही उपयोग कर समाज को देश को नवनिर्माण और विकाश की ओर ले जाने वाले प्रतिनिधि को चुन सकते हैं। साथ ही अपने खुद के विकास की डोर भी सक्षम हाथो में दे कर विकासपथ पर चल कर अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते है। संगठन के अभी साथियों ने मतदाताओं का आह्वान करते हुए आग्रह किया कि वे मतदान वाले दिन खुद तो निश्चित रूप से मत डालने जाएं साथ अपने परिवार और परिचितों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित अवश्य करें। कोई भी वयस्क मतदाता जो मतदान का अधिकारी हो वह मतदान से वंचित न रहें। ऐसा प्रयास अवश्य करें। क्योंकि मतदान हमारा अधिकार ही नही बल्कि हमारा अनिवार्य कर्तव्य भी है। रैली का समापन एसडीएम विजय राय की उपस्थिति में मोमबत्ती जलाकर जयस्तंभ चौराहे पर किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम ने बताया कि स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता के लिये मशाल रैली का आयोजन किया गया है। सभी मतदाता अपने मत के अधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

## 103 मरीजों के नेत्रों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सद्गुरु विजन सेंटर पर डॉक्टर राजकरण वर्मा ने 103 मरीजों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताए। साथ ही उनसे अनुरोध किया कि वह प्रत्येक माह में अपने नेत्र परीक्षण कराएं ताकि नेत्रों से होने वाली परेशानियों से सामना न करना पड़े। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू ने कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास की कृपा से आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा 50000 से अधिक ऑपरेशन निशुल्क किए जाते हैं जो की एक अनुकरणीय उदाहरण हैं। शिविर में 49 लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया वहीं 19 से अधिक मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किए गए, 19 मरीजों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई। वहीं 17 लोगों को ऑपरेशन के पश्चात चश्मे भी प्रदान किए गए। इस मौके पर राम कुमार, सरदार सिंह सिसोदिया मौजूद थे।

## मृतिका और घायल की हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को रेलवे फाटक के पास दोपहर के समय ट्रेन की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत हो गई थी। वहीं एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसकी सिटी थाना पुलिस ने शिनाख्त कर ली है। पुलिस अधिकारी एसपी विश्वकर्मा के अनुसार मृतिका किशोरी की पहचान ग्राम बरखेड़ा थाना पठारी निवासी एवं गंभीर रूप से घायल किशोरी की पहचान ग्राम डिडौली निवासी के रूप में हुई है। अभी तक इस हादसे के कारणों का पता नहीं चल सका है। फिलहाल गंभीर रूप से घायल किशोरी का उच्च उपचार जारी है।



## खबर संक्षेप

### आशा कार्यकर्ताओं का एक दिन का वेतन काटा



**सिरोंज।** राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय सिरोंज में विकास खंड स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन। नियमित टीकाकरण के माइक्रोप्लिन एवं वीपीडी सर्वुलेंस के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिस में डब्ल्यूएचओ के एसएमओ ने माइक्रोप्लिन एवं वीपीडी सर्वुलेंस का प्रशिक्षण दिया गया जिस में समस्त मेडिकल ऑफिसर बीएमओ विकास सिंह बघेल एएनएम सीएचओ एमपीएस डाटा एंट्री ऑपरेटर आशा सुपरवाइजर आदि ने प्रशिक्षण लिया। बीएमओ डॉ. विकास बघेल ने बताया जो अनुपस्थित रहे उनका एक दिन का वेतन काटा गया व शोकास नोटिस देकर जवाब 2 दिन के अंदर मांगा गया है।

### सुंदरकांड व भजनसंध्या का आयोजन



**सिरोंज।** नवयुवा मंडल सिरोंज द्वारा बगिया वाले हनुमान जी महाराज के मंदिर पर सुंदरकांड पाठ एवं भजनसंध्या का आयोजन किया जो देर रात तक चलता रहा।

### मतदान जरूर करें : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की मतदाताओं से अपील

**सागर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदाताओं से अपील की है कि सभी मतदान केन्द्रों में छाया, शीतल पेयजल, पंखे, कूलर, रैम्प, दवा, ओआरएस पैकेट आदि की समुचित व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र तक आयें और वोट जरूर करें। यदि मतदाता सूची में नाम है, परंतु वोटर आईडी कार्ड नहीं हैं, तो आयोग द्वारा मान्य 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता वोट कर सकते हैं।

प्रदेश के मुखिया ने मालथौन में जनसभा को संबोधित किया

# कांग्रेस वालों का भाव रामद्रोही है, नेहरू ने भी सोमनाथ मंदिर का विरोध किया था : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶सागर




कांग्रेस ने भगवान श्री राम मंदिर का निर्माण से लेकर लोकार्पण तक का विरोध किया। प्रभु श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकराया। जब सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 1000 साल पहले तोड़े गए सोमनाथ मंदिर को बनवाया तब भी जवाहरलाल नेहरू ने इसका विरोध किया और तत्कालीन मंत्रिमंडल को कार्यक्रम में नहीं जाने दिया था। कांग्रेस का भगवा के प्रति नफरत के कारण ही सफाया हुआ है। कांग्रेस वालों का भाव रामद्रोही है। जनता ने तय कर लिया है जो भगवान श्री राम का नहीं वह किसी काम का नहीं। यह उद्गार मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मालथौन में आमसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। आमसभा को पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह और भाजपा प्रत्याशी डॉ. लता वानखेड़े ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम का जन्म हुआ यह जन जन को मालूम है लेकिन कांग्रेस वालों को यह पता नहीं है। वे शपथपत्र देकर भगवान श्री राम के काम में अड़ंगे लगाते रहे। इनको अयोध्या में भव्य मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया। जीवन भर केस लड़ने वाले अंसारी जी तक आयोजन में आए लेकिन कांग्रेस वाले नहीं आए। कांग्रेस ने दरवाजे पर मुंह पर निमंत्रण को ठुकरा दिया। यह राम द्रोही भाव है। अब जनता खुद फैसला कर देगी कि जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भगवा से इतनी नफरत है तो अपने झंडे से भगवा रंग हटा कर दिखाए देश की जनता उनको इसका अर्थ समझा देगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान महाकाल और भगवान श्री राम के बाद अब जमना तट के कृष्ण गोपाल जी के लिए संकल्प करो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीन कामों के कारण वोट मिलना चाहिए। मोदी की सरकार जब से बनी तब से देश में आतंकवादी घटनाएं समाप्त हो गईं। अब कहीं बम नहीं फटते। दूसरा कोविड के समय मोदी ने सभी को मुफ्त टीका लगवा कर पूरे देश की जनता की जान बचाई। किसी को एक पैसा भी नहीं लगा। तीसरा काम मोदी ने भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बनवा कर किया जो हमारा 500 साल का संघर्ष था वह पूरा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव उन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए है जो वैराग्य का उदाहरण हैं, जिन पर सुई की नोक जितना भी कोई दाग नहीं है। और सही मायनों में उनके लिए भी नहीं यह चुनाव जनता के लिए है, जैसे कि ट्रेन का इंजन चलाता तो ड्राइवर है लेकिन मुकाम पर पहुंचते हैं सभी यात्री। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी ने देश की 20 करोड़ जनता को 4 करोड़ मकान दिए हैं। कांग्रेस ने एक भी मकान दिया हो तो बताए। हमारा संकल्प है मोदी के लिए जिन्होंने देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हमने देश के लिए फैसले लिए हैं। सभी को मकान, रसोई गैस का कनेक्शन, मुफ्त राशन, रोजगार, आयुष्मान से 5 लाख का इलाज दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी मैंने 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग का आयुष्मान भारत योजना के कार्ड के लिए फार्म भरवाया है। इसके सब अभिनंदन करें मोदी का जिन्होंने तय किया कि अब बुजुर्गों का इलाज भाजपा सरकार कराएगी। गरीब की ऐसी चिंता कांग्रेस को कभी नहीं हुई। उन्होंने बताया कि अब हमारी सरकार ने 3 महीने से कम समय में यह निर्णय लिया है कि किसी बीमार को बाहर इलाज के लिए ले जाना है तो एयर एंबुलेंस का हेलीकॉप्टर आएगा और बीमार की जान बचाई जाएगी। इस एयर एंबुलेंस में डॉक्टर,नर्स, सिलाइन वगैरह का उपचार उपलब्ध होगा ताकि बीमार को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया जा सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सिर घुसाए है, उसे अपनी वास्तविकता का पता ही नहीं कि वह खत्म हो रही है। पप्पू का दिमाग खाली है। वह कह रहा है भाजपा आएगी तो संविधान खतरे में हो जाएगा। मैं पूछता हूं कि दस साल से भाजपा ही तो है। मोदी ही तो हैं जो जनता के दिलों पर राज करते हैं और पक्के हनुमान भक्त हैं। संविधान को कोई खतरा नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के नेता से कहा कि आप अपने परिवार का हिसाब लगाओ जिसने 105 बार संविधान को संशोधन करके बदला है। पहली बार जवाहर लाल नेहरू ने ही संविधान बदलने की शुरुआत की और 17 बार संविधान में संशोधन किए। फिर इंदिरा, राजीव, नरसिंह राव, मनमोहन सिंह के पीछे से सोनिया ने 100 बार संविधान में संशोधन किए। उन्होंने कहा कि आपको पप्पू इसलिए कहते हैं कि संविधान में संशोधन आप करते हो और झूठ बोलते हो। कहते हो एक झटके में गरीबी दूर कर देंगे । दस साल मम्मी ने बोला, उसके पहले राव साहब ने, उसके पहले पापा ने, फिर नानी ने और उसके पहले दादा ने यही कह कर सरकार चलाई लेकिन गरीबी दूर नहीं कर पाए। मजाक करते हो जनता से। जनता आपका एक एक पाप याद रख रही है।

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि राजीव गांधी यह स्वीकार करते थे कि दिल्ली से जनता को भेजे गए एक रुपए में से 85 पैसा भ्रष्टाचार में चला जाता है। कांग्रेस के अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी इस भ्रष्टाचार को रोकने का इलाज नहीं ढूंढ सके लेकिन एक चाय बेचने वाले ने प्रधानमंत्री बन कर जीरो बैलेंस पर सबके जन धन खाते खुलवा कर यह भ्रष्टाचार रोकर दिखा दिया।



## अचानक सफाई दरोगा के बुलाने पर तुरंत नाला सफाई का कार्य देखने पहुंचे निगमायुक्त

**सागर।** सुबह का समय था और निगम निगम आयुक्त राजकुमार खत्री प्रतिदिन की भांति शहर का भ्रमण कर नगर निगम और स्मार्ट सिटी द्वारा किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों और नगर की सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे थे । तभी करीब 8:30 बजे लक्ष्मीपुरा वार्ड सफाई दरोगा का फोन आया और उसने इतवारा बाजार में सरस्वती मंदिर के पीछे किए जा रहे हैं नाला सफाई कार्य के दौरान आ रही परेशानी से निगमायुक्त को अवगत कराया, तो स्वयं निगम आयुक्त ने सफाई दरोगा द्वारा बताए गए स्थल पर पहुंचकर नाले की सफाई कार्य को देखा और आसपास के नागरिकों से चर्चा की और नागरिकों और निगम अधिकारियों के सहयोग से नाला सफाई की योजना बनाकर नाले की सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही धर्मशाला के नीचे हेयर सैलून कटिंग की दुकान द्वारा गंदगी फैलाने पर उसका एक हजार रुपए का चालान काटने के संबंधित जोन प्रभारी को निर्देश दिए और नाली का चैंबर खुलवाकर उसकी सुरक्षात्मक तरीके से अच्छे से नाली की सफाई कराने जोन प्रभारी को निर्देशित किया।

## बीएलओ शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची का करें वितरण

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश पर सागर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स द्वारा मतदाता पर्ची वितरण एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए क्षेत्र के सुपरवाइजर एवं बीएलओ को निर्देशित एवं प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए है कि मतदाताओं को वोटर पर्ची बाँटने के लिये स्वयं जायें और यह कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा करें एवं मतदाताओं को मतदान करने प्रेरित करें। मतदाताओं से सम्पर्क के दौरान बीएलओ और अन्य मैदानी अमला मतदाताओं को यह बतायें कि मतदान के दिन वे वोटर आईडी कार्ड या 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज लेकर जरूर आयें, इससे मतदाता की पहचान शीघ्र हो सकेगी और वो बिना किसी देरी के मतदान कर सकेंगे। मतदाताओं को मतदान के लिए आमंत्रित करें। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में संपर्क कर मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए विशेष प्रचार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी मतदान केन्द्रों में चलें बूथ की ओर अभियान अन्तर्गत मतदाताओं से जीवन्त संवाद करें, उन्हें यह समझायें कि वोट करना उनका संवैधानिक अधिकार है। इसलिये हर मतदाता वोट जरूर करें। मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने के लिये जागरुक करें तथा अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित करायें।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का दौरा

## सिरोंज के कांग्रेसियों को नहीं मना पाए वरिष्ठ नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

सिरोंज सागर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी चन्द्रभूषण सिंह बुंदेला के पक्ष में सिरोंज में आमसभा को संबोधित करने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, पूर्व मंत्री प्रभुसिंह ठाकुर, पूर्व विधायक कुणाल चौधरी सहित कई वरिष्ठ नेता सिरोंज में हेलीकॉप्टर से आए। इसके बाद भी प्रदेश के वरिष्ठ नेता स्थानीय कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को नहीं मना पाए। प्रदेश जीतू पटवारी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पीपी नायक को अपने हेलीकॉप्टर में बैठाकर इंदौर ले गए।

### 200 भाजपा में शामिल हो सकते

स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता को कोई भी जिम्मेदारी नहीं दी गई न कोई पूछ परख हो रही इसको लेकर गुरुवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के समक्ष लगभग दो सौ कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं इसको लेकर विषेष जनचर्चा बैठक की जा रही है। कांग्रेस की आमसभा को लेकर कार्यकर्ताओं का जुटाने का एक वायरल वीडियो चर्चा में है ।







## जेपीएल 2024 का हुआ धमाकेदार आगाज

**सागर।** श्री दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन मध्य रीजन सागर के तत्वावधान में जैन प्रीमियर लीग 2024 का आयोजन सिटी स्टेडियम सागर से शुरु हो गया है । जिसमें जेपीएल प्रभारी विक्रमादित्य जैन ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमंत समाज रत्न अशोक काका एवं फेडरेशन से आए राष्ट्रीय चेयरमैन राजीव गिरधरवाल,रीजनल चेयरमैन विशाल अजमेरा एवं रीजन सचिव अमित जैन कलश द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया । प्रथम मैच में अर्हम ग्रुप ने जैनम ग्रुप को 6 विकेट से हराया एवं दूसरे मैच में अनुभूति ग्रुप को 6 विकेट से हराकर संस्कार ग्रुप ने किया जीत का धमाकेदार आगाज । इस आयोजन में सागर के सभी श्री दिगम्बर जैन सोशल ग्रुपो से सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम मे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्वदेश जैन, पूर्व महापौर नवीन जैन और प्रकाश जैन, सुभाष जैन खाद उपस्थित रहे।

### दहेज प्रताड़ना के दो अलग-अलग मामले पुलिस ने दर्ज किए

**बरेली।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग ग्रामों मगरधा एवं सिमरिया दिखाखेड़ी में दहेज प्रताड़ना को लेकर आई शिकायतों पर पुलिस ने दो मामले दर्ज कर जांच की जा रही है। ग्राम मगरधा में पति द्वारा पत्नी से मायके से 3 लाख रुपए लाने का कहा, न लाने पर पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट की जिसने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गए। ग्राम मगरधा निवासी सुरेंद्र पुत्र कारेलाल अहिरवार के साथ आरती का वर्ष 2021 में विवाह हुआ था। शिकायत के अनुसार दहेज को लेकर पति प्रताड़ित कर रहा था। पति सुरेन्द्र ने पत्नी आरती से 3 लाख रुपए मायके से लाने का कहा, नहीं लाई तो पत्नी से मारपीट की। दूसरा मामला थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरिया दिखाखेड़ी का है। जहां वर्षा धाकड़ पत्नी ललित धाकड़ ने पति, देवर के विरुद्ध दहेज के कारण प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई गई। दोनों मामलों में पुलिस द्वारा दहेज प्रताड़ना के प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## कहर ढा रही है गर्मी, तेज धूप का सितम शुरू, मटकों की बढ़ी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

बैसाख का महीना शुरू होते ही तेज धूप के साथ गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। शीत के दिनों की अपेक्षा गर्मी में दिन का समय बढ गया है। सुबह जल्दी और रात का अंधेरा देर से होने के कारण रातों का समय कम हो गया है। सुबह 8-9 बजे से ही गर्मी अपना असर दिखाना शुरू कर देती है। रात में भी उमस भरी गर्मी परेशानियों का कारण बन रही है। भीषण गर्मी शुरू होते ही शीतल पेय पदार्थों की मांग बढने के साथ देशी फ्रिज मिट्टी के मटकों की मांग बढती जा रही है। पिछले वर्ष की अपेक्षा मिट्टी के मटकों के दाम दो गुना तक हो गए है। इसके बाद भी लोग मिट्टी के घडों में ठण्डा हुआ पानी पीना अधिक पसंद कर रहे है।

### बैचेनी वाली गर्मी शुरू

बैसाख जेठ का महिना भीषण गर्मी के लिए जाने जाते है। अभी बैसाख माह की शुरू आत हुई और तेज धूप गर्मी की शरीर को झुलसा देने वाली स्थिति बनने लगी है। आने वाले दिनों में गर्मी का प्रकोप और अधिक बढने की संभावना है।

## शादी-विवाह पर दो महीने के लिए लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली



अप्रैल माह का आखिरी सप्ताह विवाह -बारातों के नाम रहा। 26 अप्रैल को लोक सभा चुनाव का मतदान था । उस दिन नगर एवं क्षेत्र में सैंकड़ो विवाहों की धूमधाम बनी रही । 28 अप्रैल को भी विवाहों की अधिकता से वाहनों की भाग दौड़ एवं यात्री बसों में बैठने तो क्या खड़े रहने स्थान मिलना कठिन बना रहा । गुरू एवं शुक्र ग्रह अस्त हो जाने से अब दो माह विवाह बारातों पर विराम लगने की स्थिति बन गयी हैं।

सम्पूर्ण क्षेत्र में सबसे अधिक संख्या में विवाह गर्मी की सीजन में होने की परंपरा रही हैं। कारण किसानों द्वारा अपनी फसलों को बेचकर पुत्र - पुत्रियों के बड़े उत्साह के साथ विवाह कियें जाते हैं। मई - जून में विवाहों के मुहूर्त , लग्न न होने के कारण सैंकड़ो परिवार द्वारा 28 अप्रैल तक पुत्र-पुत्रियों के विवाह किए कार्यक्रम किए जाने से एक -एक तारीख तिथि में सैंकड़ों विवाह की स्थिति बनी ऐसा वर्ष में एक बार अक्षय तृतीया को हुआ करता था । इस वर्ष अक्षय तृतीय पर विवाह लग्न न हो की जानकारी दी जा रही हैं।

### सड़कों पर लगा जाम

नगर के अधिकांश मैरिज गार्डन पिपरिया मार्ग, उदयपुरा मार्ग , फोरलेन बायपास के पास हैं। नगर में दो दर्जन मैरिज गार्डन में विवाह बारातों की भारी धूमधाम रहीं रही । बाराते लगते समय घंटों प्रमुख मार्गों पर जाम लगने की परेशानियों भारी स्थिति बनी रही । मैरिज गार्डन में स्वयं की वाहन पार्किंग स्थल न होने से भारी संख्या में वाहन सड़कों के किनारें ,खडें रहने और बारात लगते समय मार्गों पर जाम लगने से दो पहिया वाहन भी निकला कठिन बना रहा।

## लोकसभा चुनाव : 85 प्लस, दिव्यांगों के घर-घर जाकर कराया गया मतदान

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र सागर 5 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश अनुसार 85 प्लस एवं दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर मतदान दल के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मतदान कराया गया।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आर्य ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार आज जिले की पांच विधानसभा क्षेत्र सागर, सुरखी, बीना, खुरई, नरयावली में विभिन्न मतदान केंद्रों के द्वारा 85 प्लस एवं दिव्यांग जनों का मतदान कराया गया है। उन्होंने बताया कि जो 85 प्लस एवं दिव्यांगजन जिन्होंने पूर्व में ही आवेदन किया था और वह आज इसी कारण बस मतदान नहीं कर पाए हैं उनके लिए 1 मई को मतदान दल के अधिकारी कर्मचारी मतदान करने उनके घर तक जाएंगे।आज निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सेक्टर अधिकारी की उपस्थिति मे मतदान टीम के साथ 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के घर जाकर डाक मतपत्र द्वारा मतदान कराया।आर्य ने सागर संसदीय क्षेत्र के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि जब वरिष्ठ मतदाता लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं तो आप क्यों नहीं । आप सभी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य को समझें, आगामी 7 मई को अपने अमूल्य मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सहभागिता निभाएं।

**सूचना**

मैं राजेश कुमार लोहिया S/o श्री छोटेराम लोहिया मूल निवासी शंकर टीला विदिशा मैने कुछ वर्षो पहले PNB METLIFE से एक पॉलिसी ली थी जिसमें मेरे पिताजी का नाम श्री छोटेराम लोहिया की जगह श्री छोटे राजा लोहिया लिखा गया है, अतः मेरे पिताजी का नाम उक्त पॉलिसी में श्री छोटेराम लोहिया लिखा जाये एवं पढा जाये।

## लोकसभा चुनाव 2024 : 85 प्लस, दिव्यांग जनों को घर-घर जाकर कराया गया मतदान

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र सागर 5 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश अनुसार 85 प्लस एवं दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर मतदान दल के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मतदान कराया गया।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आर्य ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार आज जिले की पांच



विधानसभा क्षेत्र सागर, सुरखी, बीना, खुरई, नरयावली में विभिन्न मतदान केंद्रों के द्वारा 85 प्लस एवं दिव्यांग जनों का मतदान कराया गया है। उन्होंने बताया कि जो 85 प्लस एवं दिव्यांगजन जिन्होंने पूर्व में ही आवेदन किया था और वह आज इसी कारण बस मतदान नहीं कर पाए हैं उनके लिए 1 मई को मतदान दल के अधिकारी कर्मचारी मतदान करने उनके घर तक जाएंगे।आज निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सेक्टर अधिकारी की उपस्थिति मे मतदान टीम के साथ 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के घर जाकर डाक मतपत्र द्वारा मतदान कराया।आर्य ने सागर संसदीय क्षेत्र के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि जब वरिष्ठ मतदाता लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं तो आप क्यों नहीं । आप सभी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य को समझें, आगामी 7 मई को अपने अमूल्य मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सहभागिता निभाएं।

शहर की जरूरत के मुताबिक बनाएं उत्पाद : निगम आयुक्त खत्री

## स्थानीय स्तर पर गठित महिला समूह द्वारा निर्मित किए गए उत्पादों की निगम सभाकक्ष में प्रदर्शनी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶सागर



स्थानीय स्तर पर प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें प्रोत्साहन देने और उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करने मंच देने की आवश्यकता है तो वह भी अपने शहर के नाम के साथ-साथ स्वयं भी आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकती हैं। ऐसा ही कुछ देखने को मिला जब निगम सभा कक्ष में राष्ट्रीय आजीविका मिशन शहरी द्वारा गठित महिला स्वसहायता समूह द्वारा जिन चीजों को हम अनुपयोगी समझकर अलग कर देते हैं उन्हीं चीजों को नया रूप कलाकृतियां प्रदर्शित की तो यह मन में सहज ही विचार नहीं आया कि यह सब चीज वेस्ट (अनुपयोगी) चीजों से बनी है इसी प्रकार स्थानीय खाने-पीने की चीज भी काफी अच्छे तरीके से बनाई गई, जिनमें स्थानीय संस्कृति की झलक देखने को मिली जो शायद बड़े-बड़े शहरों में बनी वस्तुओं में देखने को नहीं मिलती इसलिए अगर इन सब वस्तुओं को एक बाजार का माहौल निर्मित किया जाए तो इन वस्तुओं को विक्रय कर महिलाएं आर्थिक लाभ अर्जित कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। इन समूहों द्वारा बनाए गए अलग-अलग उत्पादो को निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने अवलोकन ही नहीं किया बल्कि महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए इनकी खरीद भी की।इस अवसर पर समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप लोग शहर की जरूरतो को देखकर अपने उत्पाद बनाएं, साथ ही साथ उनके विक्रय का बाजार बनाने का माहौल निर्मित करें, जिससे उनका अधिक से अधिक विक्रय हो सके और नागरिकों को भी सस्ते में इन स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादो की प्राप्ति हो सके, जिससे आपको आय हो और परिवार में आर्थिक संतुलन बनाने में योगदान हो, उन्होंने कहा कि आप जो भी उत्पाद बनाएं उसमें वेस्ट मटेरियल का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें ताकि वह आपको सस्ते दाम में अधिक से अधिक प्राप्त हो सके, और उससे बनने वाला उत्पाद कम लागत के कारण नागरिक को भी सस्ता मिले, लेकिन ध्यान रखें की वह उत्पाद स्थानीय जरूरत के मुताबिक हो तो निश्चित ही आपको इससे लाभ होगा और आपके समूह की पहचान बनेगी।

## हर घर नल, हर घर जल योजना को ठेकेदार एवं पीएचई विभाग लगा रहे पलीता

# सत्ती में 2 साल बाद भी नल जल योजना के पानी के इंतजार में हैं ग्रामीण, काम अधूरा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

हर घर नल जल योजना का लाभ सांची जनपद के कई गांवों को नही मिला है। आज भी कई ग्राम पंचायतों में नल जल योजना का काम अधूरा पड़ा है। ऐसा ही एक मामला सत्ती गांव में सामने आया है जहां पर ग्रामीणों के लिए नल जल योजना आज भी एक सपना साबित हो रही है। लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा है। सत्ती गांव में नल जल योजना के तहत ठेकेदार द्वारा 2 साल पहले गांव की सड़कों को खोद कर पाइप लाइन बिछाई गई और कुछ जगह तो सड़क भी नहीं खोदी ऊपर ही पाइपलाइन बिछा दी जो गंदगी से होकर लोगों के घरों तक पहुंच रही है। विडंबना तो इस बात की है 2 साल बीतने के बाद भी जहां लाखों रुपए इस योजना के लिए खर्च किए जो आज दिनांक तक भी चालू नहीं हुई और लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। नल जल योजना सत्ती गांव में सफेद हाथी साबित हो रही है

### गांव में सिर्फ 2 हैंडपंप उनमें भी पीने लायक पानी नही

सत्ती गांव में जब नल जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाई गई तो ग्रामीण खुश हुए की अब पानी की समस्या खत्म हो जाएगी लेकिन आज भी ग्रामीण शुद्ध पेयजल की आस लगाए बैठे हैं।ठेकेदारों एवं पीएचई विभाग की मनमानी से अब तक यह योजना धरातल पर नहीं आई है। लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीण पानी के लिए यहां वहां भटकते रहते हैं। गांव में दो हैंडपंप है पर उनमें भी पीने योग्य पानी नहीं है। गांव में नल जल योजना के तहत पाइपलाइन डाली भी गई। घर- घर नल के कनेक्शन भी दिए गए। मगर 2 साल बाद भी पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई। जिस वजह से ग्रामीणों को पेयजल के लिए पानी नहीं मिल रहा है, गांवों में पानी की व्यवस्था के लिए ग्रामीणों को पुराने स्त्रोत, निजी ट्यूबवेल, हैंडपंप का उपयोग करना पड़ रहा है।





### 300 रुपए देकर निजी ट्यूबबेल से भर रहे पानी

*जिले के सांची विकासखंड के ग्राम सत्ती के ग्रामवासी पीने के पानी के संकट से जूझ रहे हैं। इस भीषण ठंड में भी एक-एक कुप्पा पीने के पानी के लिए महिलाओं को पसीना बहाना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि गांव में दो ही हैंडपंप हैं। लेकिन उनमें भी पीने लायक पानी नही है।वह निजी ट्यूबवेल पर भारी-भरकम शुल्क देकर लंबी लंबी लाइनों में लगकर पानी भरकर लाते हैं। वहीं पानी भरने को लेकर ग्रामीणों में रोज लड़ाइयां भी होती हैं। 65 वर्षीय वृद्ध महिला यशोदी बाई ने बताया कि गांव में दो ही हैंडपंप है। पर उनमें भी मटमैला पानी आता है। इसलिए उन्हें निजी ट्यूबवेल से 300 रुपए महीने का शुल्क देकर पानी भरना पड़ रहा है। उस पर भी भीड़ इकट्ठा हो जाती है और ग्रामीणों की आपस में लड़ाई होती है। कई साल से ग्रामीण पानी के लिए परेशान हैं। मगर पीएचई विभाग के जिम्मेदार द्वारा कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यहां पर दिन भर पानी भरने के लिए महिलाओं बच्चों और बुजुर्गों की कतार लगी रहती हैं। पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे यहां के लोगों का दिन भर पानी भरने में ही बीत जाता है, जिससे वह मजदूरी भी नहीं कर पाते हैं।*

### पूर्व सीएम के संकल्प पर फेर रहे पानी

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 2023 तक सभी गांवों में नल से जल पहुंचाने का संकल्प लिया गया था। उन्होंने कहा था कि सरकार द्वारा गांवों के विकास के साथ-साथ लोगों के कल्याण के लिए, उनके विकास के लिए भी प्रमुखता से काम किया जा रहा है। सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर में नल से जल पहुंचाने का काम बड़े जोर शोर से किया जा रहा है कि महिलाओं को पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

उन्हें घर पर ही नल से पानी उपलब्ध होगा, कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं होगी। लेकिन सांची जनपद के सत्ती गांव में ऐसा नहीं हो रहा है। पीएचई विभाग के अधिकारी सरकार की जल जीवन मिशन योजना को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। और लाखों रुपए बर्बाद करके निर्माण कार्यों को शो पीस बनाया जा रहा है। जिसकी वजह से गांव की महिलाओं को परेशान होकर घंटों इंतजार के बाद पीने का पानी मिल पा रहा है।

### पानी के लिए कर रहे जद्दोजहद

*गांव सत्ती में ऐसी भीषण गर्मी में ग्रामीण पानी की समस्या को लेकर परेशान हैं। वहीं सरकार द्वारा दावा किया जाता है कि हर गांव में घर घर नल के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है। मगर सरकार के दावों की जमीनी हकीकत हमें देखने को मिली ग्राम सत्ती में यहां पर नल जल योजना तो दूर की बात है गांव के हैंडपंप में भी पीने लायक पानी नही हैं। जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ता है और प्राइवेट ट्यूबवेल पर 300 रुपए महीने देकर पानी भरते हैं। नंबर लगाकर बारी का घंटों धूप में बैठा रहना पड़ता है और कई लोगों को दूरदराज से पानी लाने मजबूर हैं।*

### इनका कहना है

*गांव की लाइट कटने के कारण ग्रामीण नल-जल योजना के ट्रांसफार्मर से घरों की लाइट जला रहे हैं, जिससे वह ओवरलोड होकर बार-बार जल रहा है। योजना चालू हो चुकी थी इस बार बोर में पानी कम हो गया तो दूसरा बोर करवा रहे हैं और नया ट्रांसफार्मर रखवा दिया है। इस सप्ताह योजना चालू कर ग्रामीणों को पानी उपलब्ध करवाएंगे।*

*- **गिरीश कांबले**, एसडीओ पीएचई।*

### ग्रामीणों ने सुनाई अपनी दास्तान

◆ *गांव की जनता पानी के लिए परेशान रहती है। गांव में 2 ही हैंडपंप हैं। वहीं नल जल योजना का पानी घर तक नही पहुंच पा रहा। सुबह से ही पानी के लिए परेशान होना पड़ता हैं। नलजल योजना शुरू होने के इंतेजार में 2 साल से बंद पड़ी है। अगर शीघ्र ही हमारी समस्या का समाधान नही हुआ तो हम आंदोलन करेंगे।*

*- **नाजिम खान**, स्थानीय ग्रामीण।*

◆ *पानी भरने के चक्कर में हम लोग मजदूरी करने नहीं जा पा रहे हैं। गांव में 2 ही हैंडपंप हैं जो लगभग 200 से 300 घरों के पानी का सहारा है। गांव में नल जल योजना की पाईप लाईन डली तो हम लोग खुश हुए की अब पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी। लेकिन 2 साल बीत जाने के बाद भी समस्या वहीं की वहीं है।*

*- **काशीराम**, स्थानीय ग्रामीण।*

# पानी नहीं मिलने पर लोगों ने सड़क पर किया प्रदर्शन

## 3 दिन से नहीं आया था कॉलोनी में पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बुधवार को शहर के सांची मार्ग स्थित शीतल सिटी कॉलोनी में तीन दिनों से पानी की सप्लाई नहीं होने पर कॉलोनी के रहवासी सड़क पर उतर आए। उनका आरोप है कि कॉलोनाइजर ने सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी देने का वादा किया, लेकिन अब कॉलोनी नगर पालिका के हैंड ओवर होने की बात कहकर वादे से मुकर रही है।

कॉलोनाइजर का कहना है कि सफाई और पानी की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी नगर पालिका की है। नगर पालिका सीएमओ सुरेखा जाटव का कहना है कि कॉलोनी हैंड ओवर का मतलब है कि सफाई और लाइट व्यवस्था नगर पालिका की जिम्मेदारी है। दोनों ही व्यवस्था कॉलोनी में की जा रही है। 4500 रुपए जल प्रदाय के लिए सुरक्षा निधि के तौर पर कॉलोनी वाले यदि नगर पालिका में जमा करते हैं तो हम पानी की सुविधा भी करेंगे।

### कॉलोनाइजर पर मामला दर्ज करने की मांग

कॉलोनीवालों ने कॉलोनाइजर पर एफआईआर दर्ज करने की मांग प्रशासन से की। रहवासी योगेन्द्र ठाकुर ने बताया कि कॉलोनाइजर द्वारा कोई भी काम कॉलोनी में सही तरीके से नहीं किया गया है। पिछले तीन दिनों से पानी सप्लाई नहीं हो रहा है।

### जिले में 510 व शहर में 56 कॉलोनी अवैध

*जिले में 510 और शहर में 56 कॉलोनी अवैध हैं। शहर के वार्ड 13 में सबसे अधिक 14 कॉलोनियां अवैध हैं, जबकि वार्ड 11 में 11 और वार्ड 4 में 8 कॉलोनी अवैध हैं। इसी तरह शहर में कुल 56 अवैध कॉलोनियों हैं, जबकि इन सभी कॉलोनियों को वैध करने का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में है। इन कॉलोनाइजर पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती, जिनसे दिन व दिन इनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। कॉलोनियों में मूलभूत सुविधा नहीं है ना तो शहर की कॉलोनी में रोड है ना ही बिजली जबकि कई कॉलोनाइजर ने तो सरकारी जमीन पर ही कब्जा कर लिया है इसके बाद भी इन पर कभी कोई कार्रवाई नहीं की जाती।*

# पानी की एक-एक बूंद को तरसे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची



नगर परिषद सांची के लोग इस समय पानी की समस्या से जूझ रहे हैं पानी को लेकर हर वार्ड का बहुत बुरा हाल है एक-एक बूंद के लिए लोग आपस में लड़ाइयां कर रहे है टैंकर के पहुंचते ही महिलाएं समूह बनाकर खाली बर्तनों का अंबार लेकर खड़ी हो जाती हैं। एक-एक महिलाओं के पास ढेर सारे खाली बर्तन होते हैं और वह अपनी बारी का इंतजार करती रहती हैं।

कहीं तो लड़ाई इतनी बढ़ जाती है कि लोग एक दूसरे में खाली बर्तन मारना चालू कर देते हैं नगर पंचायत के इस रवैया से पूरा नगर परेशान है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मी का वैसा ही हाल है लोगों के यहां पानी जैसी गंभीर समस्या के लिए कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं की जाती सांची के वार्ड नंबर 13 में से पूरे नगर में पानी की सप्लाई की जाती है।

लोगों का कहना है कि यदि एक दो जगह और पानी भरने के लिए टैंकरों के स्टाफ बनवा दिया जाए तो आदि समस्या का हाल हो सकता है अभी नगर के हैंडपंपों की ऐसी हालत है कि किसी में पाइप नहीं है तो कहीं पानी सूख गया है। वहीं पीएचई कर्मचारियों ने बताया अभी स्टाफ की कमी है। वही प्राइवेट टैंकरों को पानी की सप्लाई करने से लोगों मे रोष व्याप्त है।

लोगों ने कहा कि नगर परिषद यदि प्राइवेट टैंकरों को पानी सप्लाई देना बंद नहीं किया तो हम धरना प्रदर्शन और हड़ताल कर सकते हैं।

# एक सप्ताह में दूसरी बार तेंदुआ के हमले से डेढ़ माह के गाय के बछड़े की मौत, दहशत में रह रहे ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले नरखेड़ा गांव के पहाड़ पर लगातार तेंदुआ दिखने से गांव के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है गांव के लोग दहशत में जी रहे हैं। मंगलवार बुधवार देर रात को तेंदुआ ने घर पर बंदे डेढ़ माह के गाय के बछड़े पर हमला कर दिया, जिससे गाय की बछड़े की मौत हो गई।

नरखेडा चौकीदार चिरोंजी लाल पिता राम चरण ने बताया कि मेरा घर पहाड़ से लगकर बना हुआ है। शाम को मैंने अपनी एक गाय और दो बछड़े पक्के मकान के अंदर बने कमरे में बांधे हुए थे रात मैं छत पर जाकर सो गया था। सुबह उठकर नीचे आकर देखा तो डेढ़ माह के गाय के बछड़े के पिछले हिस्से को तेंदुआ पूरी तरह खा चुका था जिससे बछड़े की मौत हो गई। उसी के बगल में एक गाय और एक बछड़ा भी बंदा था जिस पर तेंदुए ने हमला नहीं किया।

गनीमत रही कि तेंदुआ छत पर नहीं आया नहीं आया में वही सो रहा था कुछ दिन पहले ही नरखेडा गांव के पास कूल्हाड़िया गांव में तेंदुआ ने जहुर खान के बकरी के बच्चे पर हमला किया था जिससे वह घायल हो गया था जिसका इलाज जारी है। तेंदुआ की खबर मिलते ही दीवानगंज के वन विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे।



वन कर्मचारियों ने घटनास्थल पर पंचनामा बनाया। जिससे कुछ हद तक नुकसान की भरपाई हो सके। तेंदुआ 3 महीने से लगातार दीवानगंज, कयामपुर, अंबाडी नरखेडा कुल्हाड़िया कयामपुर में कई लोगों के पशुओं का शिकार कर चुका है कुछ दिनों से अंबाडी और दीवानगंज कयामपुर में तेंदुआ दिखाई नहीं दे रहा था नर खेड़ा, कुल्हाड़िया, कयामपुर ,अंबाडी, दीवानगंज आदि गांव पहाड़ से लगकर बसा हुए है इन्हीं पहाड़ पर लगातार तेंदुआ दिखाई दे रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि 3 महीने से तेंदुआ जानवरों का शिकार कर रहा है। वन विभाग तेंदुए का रेस्क्यू नहीं कर रहा। हम लोग दहशत में रहते हैं। तेंदुआ लगातार हमारे जानवरों को शिकार बन रहा है। हमें हमेशा डर बना रहता है कि कई तेंदुआ किसी दिन हमारे बच्चे को शिकार ना बना दे हमारे बच्चे सुबह-शाम पहाड़ से लगकर खेलते रहते हैं। हमारी जमीन भी पहाड़ से लगकर ही है। हम अपने जानवरों को चरने के लिए पहाड़ पर नहीं भेज पा रहे हैं। हमे हमेशा भय बना रहता है कि कहीं तेंदुआ हमारे जानवरों पर हमला न कर दे।

### बेजुबान को शिकार बना रहा तेंदुआ

कुछ दिनों से लगातार तेंदुआ नरखेड़ा और कुल्हाड़िया गांव के आसपास दिख रहा है जो बेजुबान जानवरों को अपना शिकार बना रहा है। वन कर्मचारियों को तेंदुआ का रेस्क्यू करना चाहिए। हमने कई बार वन विभाग के कर्मचारियों से तेंदुए के विषय में शिकायत कि मगर बंद कर्मचारी हमारी शिकायत कि तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसी दिन तेंदुआ ग्रामीणों के ऊपर हमला कर सकता है।

- **रामदयाल लोधी**, नरखेड़ा सरपंच

## खबर संक्षेप



### संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**रायसेन।** संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री द्वारा जिले में सांची विधानसभा के सेहतगंज, खरबई तथा रायसेन में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आगामी 7 मई को होने वाले मतदान की तैयारियों तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जा रहीं गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने रायसेन में बूथ चलो अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में बीएलओ को अधिकाधिक मतदान हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा मतदान की तैयारियों तथा स्वीप गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों पर आयोग के निर्देशानुसार सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सेहतगंज तथा खरबई में मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली गई। उन्होंने बीएलओ से गत लोकसभा निर्वाचन तथा विधानसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत, वर्तमान में मतदाताओं की संख्या, मतदाता पर्ची का वितरण आदि की जानकारी ली गई।

# शिक्षक, छात्र-छात्राओं ने मतदान जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम अंबाडी में शिक्षक, छात्र-छात्राओं, पंचायत कर्मी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका ने बुधवार को मतदाता जागरूकता को लेकर रैली निकाली। रैली अंबाडी के अयोध्या धाम मंदिर, गणेश मंदिर, चांदनी चौक शिव मंदिर सहित गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए निकाली गई। इस दौरान छात्र-छात्राएं ने वोट देने की अपील की गईं। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसे स्लोगन बोलते चल रहे थे। स्वीप कार्यक्रम के तहत अंबाडी में रैली निकाली गई।

इस दौरान बच्चों ने लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से लोगों का मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# चलें बूथ की ओर अभियान कार्यशाला का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत तीसरे और चौथे चरण के 31 जिलों में स्थित प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलें बूथ की ओर अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशों के पालन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा चलें बूथ की ओर अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों/गतिविधियों का पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री द्वारा रायसेन में स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में चलें बूथ की ओर अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यशाला का पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण किया।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोज खत्री ने कार्यशाला में उपस्थित बूथ सेक्टर सुपरवाईजर, बीएलओ तथा बीएजी ग्रुप के सदस्यों से कहा कि सभी अपने-अपने मतदान केन्द्र क्षेत्र में मतदाताओं को प्रेरित करें तथा यह सुनिश्चित करें कि मतदान दिवस 7 मई को सभी मतदाता मतदान केन्द्र पहुंचे तथा मतदान करें। उन्होंने कहा कि चलें बूथ की ओर अभियान में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन एवं मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण हो यह सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि ऐसे दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाता, जो मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर मतदान करेंगे, उन्हें मतदान केन्द्र तक लाने के लिये मेन-टू-मेन मार्किंग करें। मतदाता जागरुकता के लिये मानव श्रृंखला, महिला रैली, रंगोली प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, मेंहदी प्रतियोगिता, व्यंजन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएं।

# सूरज के तीखे तेवर होते ही सज गई कूलर एवं फ्रिज की दुकानें, जमकर हो रही बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सूरज की तपिश दिन पर दिन बढ़ती जा रही है, मई का महीना शुरू होते ही पारा 40 के पार जा पहुंचा है। इधर गर्मी बढ़ते ही बाजारों में कूलर, फ्रिज, पंखे, एसी और शीतल पेय पदार्थों की दुकानों में रौनक बढ़ गई है। शुरूआती महीने में मौसम का यह मिजाज देखकर इस बार उपकरणों के अच्छे कारोबार के आसार जताए जा रहे हैं।

महेश साहू, अनीश खान, गोपी नायक, मंटू खंडेलवाल आदि दुकानदारों का कहना है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा अभी से ही प्रतिदिन दो गुना कारोबार हो रहा है। होली के बाद मौसम में तेजी से तब्दीली आई है। मार्च के आखिरी हफ्ते से ही सूरज के तेवर दिन पर दिन सख्त होने लगे थे। मई आते-आते पारा 40 डिग्री को पार कर गया है।



आलम ये है कि अभी से ही सुबह 9 बजे के बाद धूप में निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं, गर्मी बढ़ते ही बाजार में स्थित कूलर, फ्रिज, पंखे व एसी की दुकानों और शोरूमों में रौनक बढ़ गई है।

उपकरण बेचने वाले दुकानदारों का कहना है कि मौसम में तब्दीली आने के बाद पंखों और कूलर की बिक्री में तेजी आई है। कूलर और पंखों के साथ एसी व फ्रिज की बिक्री में भी उछाल आया है। दुकानदार मंटू खंडेलवाल ने बताया कि अमूमन अप्रैल के महीने में प्रतिदिन तीन से चार पंखे व 1 या 2 कूलर बिकते थे, लेकिन इस बार गर्मी जल्दी पड़ने लगी है। बताया कि 15 से 20 पंखे व लगभग 5 कूलर प्रतिदिन बिक रहे हैं। फ्रिज की बिक्री भी तेज हुई है। लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए शहर में जगह-जगह शीतल पेय पदार्थों की दुकानें खुल गई हैं। शहर के प्रमुख मार्गों और बाजार में खुलीं लस्सी, कोल्ड ड्रिंक और गन्ने के रस की दुकानें लोगों को राहत पहुंचा रही हैं।

# शिक्षक के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय ने दी उनको विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

तहसील के ग्राम उचेरा जमुनिया के शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला जमुनिया में पदस्थ प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र मेहरा के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर स्कूल के स्टाफ और छात्र छात्राओं के साथ ग्राम वासियों ने फूल मालाओं व शाल श्रीफल से उनका सम्मान किया।

ज्ञात हो कि रमेशचंद्र मेहरा ने शिक्षा विभाग में 42 वर्ष 04 माह सेवाएं प्रदान की श्री मेहरा द्वारा पढ़ाए हुए अनेक विद्यार्थी अनेक उच्च पदों पर सेवाएं दे रहे। उन्होंने जिस जिस विद्यालय में सेवाएं दी उन सभी शालाओं का कायाकल्प करने में कोई कसर नही छोड़ी। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु आप सदा प्रयास शील रहे। विद्यालय में पेड़ पौधों लगाना एवं उनकी रक्षा करना उन्हे अति प्रिय कार्य रहा उन्होंने सदा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर कार्य किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगो ने श्री मेहरा के शासकीय सेवा के दौरान किए गए कार्यो का वर्णन कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम समाप्ति बाद सेवानिवृत शिक्षक को गाजे बाजे साथ घर तक पहुंचाया गया।

